दैनिक
# किस्मत भीलवाड़ा

आवश्यकता है
राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।
संपर्क करें
दैनिक किस्मत भीलवाड़ा
मो. 9214345421, 8233210027, 9828402526, 6376517605

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-50 | भीलवाड़ा शुक्रवार 01 अगस्त 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379

कैबिनेट ने 6 राज्यों को दी सौगात

# 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से 13 जिले होंगे लाभान्वित, 574 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली रेल मंत्रालय की 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,169 करोड़ आंकी गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 11,169 करोड़ है।

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की बैठक**

### ये परियोजनाएं शामिल

इनमें इटारसी नागपुर चौथी रेल लाइन, अलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन छत्रपति संभाजीनगर-परभणी डबलिंग, डांगापोसी-जरौली तीसरी और चौथी लाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### रेल मंत्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की दी जानकारी

### यह चारों दिशाओं का मिलन

इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को लेकर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दी है। इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे कुल नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा।

### 2,309 गांवों तक बढ़ेगा संपर्क 43 लाख लोगों को होगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि इन प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,309 गांवों तक सम्पर्क बढ़ेगा, जो लगभग 43 लाख लोगों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएंगे। यह परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद, पेट्रोलियम जैसे आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए अहम मार्गों पर गतिशीलता को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा इससे सालाना 95.91 मिलियन टन अतिरिक्त मालवाहक ट्रैफिक को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।

### *6 बड़े फैसले, किसान संपदा योजना के लिए 6520 करोड़ मंजूर*

वैष्णव ने बताया कि दो फैसले किसानों से जुड़े हैं। बैठक में 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना' के लिए 1920 करोड़ के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दी गई है। योजना का बजट बढ़कर 6520 करोड़ पहुंच गया है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की घटक योजना एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों को बनाने का फैसला किया गया है।

#### अभिरुचि पत्र जारी होंगे

आईसीसीवीएआई और एफएसक्यूएआई दोनों ही योजनाएं पीएमकेएसवाई योजना का हिस्सा हैं। ऐसे में देश भर की पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए अभिरुचि पत्र जारी किए जाएंगे।

#### 100 एनएबीएल लैब बढ़ाएंगी खाद्य सुरक्षा

प्रति वर्ष 20 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की कुल परिक्षण क्षमता सृजित होने की उम्मीद है। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण लैब्स की स्थापना की जाएगी।

---

## मालेगांव मामले के फैसले पर ज्यादातर 'माननीयों' ने जताई खुशी, मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

# आतंकवाद कभी भगवा न था और न ही कभी होगा, आखिरकार सच सामने आ ही गया

मालेगांव विस्फोट मामले में 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया और भगवा आतंकवाद को नकार दिया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है

### *भाजपा नेताओं ने फैसले का स्वागत किया तो कांग्रेस ने चुनौती देने की बात कही*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद तेज होती सियासत के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आतंकवाद न कभी भगवा था, न है और न ही कभी होगा। उन्होंने कहा कि अब सच सामने आ गया है।

### मुझे 17 साल तक अपमानित किया मेरा जीवन बर्बाद किया: प्रज्ञा



बरी होने के बाद पहली बार साध्वी प्रज्ञा का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया।साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने मालेगांव बम धमाके मामले में बरी होने के बाद कहा कि उन्हें 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्हें 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कोर्ट के प्रति सम्मान दिखाते हुए फैसले के दिन कोर्ट में मौजूदगी दर्ज कराई। साध्वी प्रज्ञा ने यह भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाया गया, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो गया और उन्हें अपने ही देश में आतंकवादी बना दिया गया।

### 'भगवा आतंकवाद' पर जवाब दे विपक्ष: रवि किशन



भाजपा सांसद रवि किशन ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ा, आज उन्हें इसका जवाब देना होगा। उन्हें देश के 100 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। किस आधार पर उन्होंने भगवा आतंक का नैरेटिव खड़ा किया? इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था? अब यह साबित हो चुका है कि हिंदू आतंकी नहीं हो सकता।

### मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर मुद्दे से भटकाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीतियों को तबाह किया। मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जो दोषी हैं उन्हें सजा मिलनी चाहिए: अखिलेश



कोर्ट के फैसले के बाद सपा सांसदअखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन जो लोग इतनी बड़ी घटना में शामिल थे, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

### सबूत नहीं थे, इसलिए कोर्ट ने बरी किया: अठावले



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि इस केस की सुनवाई कई वर्षों तक चली। अदालत ने सभी आरोपियों को बरी किया क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था। आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता।

### कांग्रेस की खुल गई पोल कृष्णा हेगड़े ने कहा



शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस फैसले से बहुत खुशी है। कांग्रेस ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इन लोगों को फंसाया और 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा। अब उनकी पोल खुल चुकी है।

### फैसले को चुनौती देगी कांग्रेस: कमलनाथ



इस फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि इससे फर्क पड़ा है, वे इसे चुनौती देंगे। भाजपा कुछ भी कहे, लेकिन ये कोर्ट का फैसला है और इसे चुनौती दी जा सकती है।

---

## भीलवाड़ा की बेटी अश्विनी बनी विश्व चैंपियन

# अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत की बेटियों का जलवा



किस्मत भीलवाड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। गुरुवार को रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) भीलवाड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं मोनी (57 किग्रा) को कड़े मुकाबले में हार का सामना कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि अश्विनी विश्नोई भीलवाड़ा की रहने वाली है और तीन साल से भारतीय टीम का नेतृत्व करते हुए 4 गोल्ड मेडल जीते है। इसी तरह अन्य मुकाबलों में रचना ने फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से मात दी जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को उसी अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में 5-6 से हार झेलनी पड़ी, जिससे उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा। भारत की कोमल वर्मा ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 49 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने प्ले-ऑफ मुकाबले में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से शिकस्त दी। इस प्रतियोगिता में भारत के दो और पदक पहले ही सुनिश्चित हो चुके हैं, जहां यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। वहीं मनीषा 69 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि गुरुवार को कुछ भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच सकीं। प्रीति यादव (40 किग्रा) मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वहीं सारिका (53 किग्रा) जापान की रियोन ओगावा से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

---

चीनी ई-कॉमर्स कंपनी का ऐसा कारनामा

# ओडिशा ने की निंदा व 'अपमानजनक' बताया, अलीएक्सप्रेस माफी मांगे

### भगवान जगन्नाथ की छवि वाले पायदान बेचने पर बवाल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा में तब बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब पता चला कि चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेच रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने इस कृत्य को 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की। उन्होंने एक्स पर उन्होंने लिखा- महाप्रभु जगन्नाथ हर ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं कंपनी द्वारा भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए।

### कंपनी ने कहा- उसने वह उत्पाद हटा दिया



इसके बाद अलीएक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने वह उत्पाद हटा दिया गया है। अलीएक्सप्रेस ने लिखा - हम आपकी रिपोर्ट की सराहना करते हैं। इस उत्पाद की समीक्षा की गई है और इसे हटा दिया गया है। आपके सुझावों से हमें अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। धन्यवाद कि आपने हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक ऑनलाइन अनुभव बनाने में सहयोग दिया।

### पटनायक ने की भर्त्सना

पूर्व सांसद और बीजू जनता दल के नेता अमर पटनायक ने भी अलीएक्सप्रेस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने के इस निंदनीय कृत्य की घोर भर्त्सना करता हूं। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावना का अपमान है। यह अत्यंत अशोभनीय है।

**प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन ने भी की निंदा**

प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा कि जय जगन्नाथ। हम दुनियाभर के सभी भक्तों से अपील करते हैं कि इस अस्वीकार्य कृत्य के खिलाफ आवाज उठाएं।

---

केंद्रीय मंत्री गडकरी से सीएम ने की मुलाकात

# मुख्यमंत्री साय की पहल: छत्तीसगढ़ को 600 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात

▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना को रफ्तार देने के लिए एक अहम क़दम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात की, जिसमें राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली।

बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही केंद्रीय सड़क निधि के तहत 600 करोड़ रुपए की मंजूरी। इसके ज़रिए छत्तीसगढ़ में कई सड़कों के निर्माण और उन्नयन का रास्ता साफ़ हुआ है। इसके साथ ही स्टेट कैपिटल रीजन के अंतर्गत आने वाले दो लेन मार्ग को चार लेन में अपग्रेड करने की योजना को भी मंजूरी मिली है। रायपुर शहर की भीड़भाड़ को कम करने के लिए चार बड़े पुल बनाए जाएंगे,



जिनका भूमि पूजन शीघ्र ही होगा। वहीं, रायपुर से अन्य ज़िलों तक की सड़कें टू-लेन से फोर-लेन में बदली जाएंगी, जिससे आवागमन तेज़ और सुरक्षित हो जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्य की सभी सड़क योजनाएं अब केंद्र के 'गति शक्ति पोर्टल' के ज़रिए भेजी जाएंगी, ताकि जल्द मंजूरी मिल सके। गडकरी ने रायपुर (आरंग)-बिलासपुर (दर्री) के बीच करीब 95 किमी लंबी छह लेन सड़क के लिए डीपीआर भेजने को कहा, जो औद्योगिक, कृषि और शैक्षिक क्षेत्रों को जोड़ेगी। साथ ही, नागपुर से रायपुर तक प्रस्तावित 300 किमी लंबा समृद्धि एक्सप्रेसवे पर भी शीघ्र डीपीआर मांगा गया है।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए में उन्नयन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में रेजिंग का कार्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में मजबूतीकरण के कुल 115.95 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली है। इनमें बिलासपुर शहर के भीतर 15 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शामिल है, जिससे शहर में ट्रैफिक आसान होगा। कटनी-गुमला मार्ग के हिस्से में 11 किलोमीटर सड़क बनेगी जो गांवों को जोड़ने में मदद करेगी। वहीं, केशकाल के 4 किलोमीटर हिस्से की सड़क को मज़बूत किया जाएगा।

---

## खरगे और राहुल ने कहा- सरकार ने विदेश नीति को बर्बाद किया

टैरिफ से व्यापार और उद्योग क्षेत्र प्रभावित होंगे

# कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल

▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और डोनाल्ड ट्रंप के बेबुनियाद आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है।

खरगे ने ट्रंप के बयानों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी को लेकर निशाना साधा। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयानों पर मोदी ने संसद में मौन व्रत धारण कर रखा था। अब ट्रंप ने भारत पर जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, क्या उस पर भी मोदी चुप रहेंगे? खरगे ने कहा कि ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना थोपा है, जिससे देश के व्यापार, एमएसएमई सेक्टर, विभिन्न उद्योगों और किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री महीनों से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने की बात कर रहे हैं। कुछ तो कई दिनों तक वॉशिंगटन में डेरा डाले रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए सवाल किया कि आपके दोस्त ने 'नमस्ते ट्रंप', 'अबकी बार ट्रंप सरकार' और आपकी दोस्ती का भारत को ये सिला दिया?

खरगे ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ लगाने के पीछे भारत द्वारा रूस से तेल और हथियारों का आयात, ब्रिक्स की सदस्यता और ब्रिक्स द्वारा अमेरिकी डॉलर पर हमले को कारण बताया है। खरगे ने इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता वाली राष्ट्रीय नीति पर कड़ा प्रहार बताया। उन्होंने याद दिलाया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को अमेरिका सहित 45 देशों से परमाणु छूट दिलाई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत का साथ देने के लिए अपना कानून बदल दिया था। लेकिन भारत केवल अमेरिका से परमाणु ईंधन और सामग्री लेने के लिए बाध्य नहीं था, उसके विकल्प खुले थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विदेश नीति ने उस राष्ट्रीय नीति को गहरा धक्का पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप पाकिस्तान के साथ तेल भंडार पर समझौता करने की बात कर रहे हैं, दूसरी ओर भारत को धमका रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने अमेरिका-चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर भी चिंता व्यक्त की।

वहीं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक, रक्षा और विदेश नीतियों को बर्बाद कर दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' कहे जाने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इसे जानती है और मोदी सरकार ने अडानी की मदद करने के लिए हमारी अर्थव्यवस्था को खत्म किया है।

---

# जयराम का मोदी सरकार पर तीखा प्रहार, अमेरिका के साथ व्यापारिक असफलता पर उठाए सवाल

*ट्रंप से गले मिलने वाले को कैसे गले पड़ा 25 फीसदी का भारी भरकम टैक्स जयराम सहित विपक्ष ने पीएम की ओर उछाले सवाल*

▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आज संसद में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता विफल होने, अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) और मोदी सरकार की नीति विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि मंत्री ने केवल आत्मप्रशंसा की और वास्तविक मुद्दों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया। जयराम ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी तक का आयात शुल्क लगाने और रूस एवं ईरान से व्यापार करने पर अतिरिक्त दंड लगाने जैसे गंभीर विषयों पर सरकार ने कोई ठोस स्थिति स्पष्ट नहीं की। यह स्थिति भारतीय कारोबारियों के लिए गहरी चिंता का विषय है, लेकिन मोदी सरकार ने उनके भावनाओं और व्यावसायिक संकट पर ध्यान ही नहीं दिया। जयराम ने प्रधानमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने ट्रंप से अपनी व्यक्तिगत मित्रता का बहुत प्रचार किया था, लेकिन जब व्यापारिक संबंधों की असली परीक्षा हुई, तो वह मित्रता पूरी तरह से खोखली साबित हुई।

उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि देश आज भी दो गंभीर नीतिगत झटकों, विचित्र नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी से उबर नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि इन दो नीतियों ने उपभोक्ता मांग को प्रभावित किया है निजी निवेश भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। जयराम का कहना था कि भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी गति के लिए मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। मौजूदा हालात में निजी क्षेत्र का निवेश और खपत दोनों निम्न स्तर पर हैं, जिससे देश की जीडीपी वृद्धि दर तेज नहीं हो सकती। उन्होंने इसे नीति स्तर पर सरकार की विफलता करार दिया।विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं ने केंद्र पर आरोप चस्पा करते हुए कहा कि मोदी सरकार केवल छवि निर्माण में व्यस्त है।

# शिवगंज में पूर्व विधायक जगसीराम कोली का स्वागत



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज,** पूर्व विधायक जगसीराम कोली, भाजपा जिलामंत्री नरपतसिंह उन्द्रा और जिला उपाध्यक्ष प्रकाशराज रावल जीरावल आज आर.के. कॉम्प्लेक्स, शिवगंज स्थित भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजीतसिंह देवड़ा (रुखाड़ा पालड़ी) की दुकान पर पहुंचे। यहां उनका पुष्पहार एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रकाश परिहार, सौरभ, हार्दिक परिहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केकड़ी क्षेत्र में 592 मिमी बारिश, सभी बांध लबालब, पुलिया टूटी - संपर्क बाधित, प्रशासन मौन



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** - इस बार मानसून की जबरदस्त मेहरबानी से केकड़ी क्षेत्र में अब तक कुल 592 मिमी बारिश दर्ज की गई है। लगातार हो रही झमाझम बारिश से क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े बांध पूरी तरह लबालब हो चुके हैं और इन पर पानी की चादरें चल रही हैं। लसाड़िया बांध पर 20 Gm, अंबापुरा पर 2.5 Gm, पारा-1 पर 12.5 से.मी., पारा-2 पर 15 से.मी., बिसुंदनी पर 4 मीटर और नाहर सागर पर 2 Gm की चादर बह रही है। पिछले 24 घंटे में केकड़ी थाना क्षेत्र में 4 मिमी और सावर थाना क्षेत्र में 12 मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर केकड़ी-टोडारायसिंह मार्ग पर देवलिया के पास पुलिया टूटने से कई गांवों का संपर्क कट गया है, जिससे ग्रामीणों को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। भारी वाहनों के ओवरलोड गुजरने के कारण वैकल्पिक मार्ग भी खस्ताहाल हो चुका है और बघेरा-सलारी-कनोज मार्ग पर बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# शिवगंज छीपा समाज के दशम् सामूहिक विवाह की तैयारी शुरू, कमेटियों का गठन

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज,** - श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति 108 गांव, निंबेश्वर धाम द्वारा आगामी 30 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले दशम् सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर श्री नामदेव ठाकुरजी मंदिर, छिपावास शिवगंज में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामूहिक विवाह की सुचारु व्यवस्था हेतु अलग-अलग कमेटियों का गठन कर कार्यभार सौंपा गया।



साथ ही अधिक से अधिक वर-वधुओं को जोड़ने के लिए समाजबंधुओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। इस अवसर पर प्रह्लाद परिहार, चंपालाल सोलंकी, पुरुषोत्तम गहलोत, मोहनलाल गहलोत, मूलचंद गहलोत, हस्तीमल, खीमचंद परारिया, चंपालाल भाटी, प्रवीण सोलंकी, नैनमल चौहान, रिखबचंद, रूपचंद, अरविंद कुमार, भेरूलाल चौहान, विजय चौहान एवं हरीश कुमार सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# देवगढ़- 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में वृक्षारोपण के साथ संस्कृति और संवेदना का संगम

किस्मत भीलवाड़ा



**देवगढ़, राजसमंद** - सांदीपनि गायत्री गुरुकुलम में गुरुवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जामुन, पीपल, नीम, अशोक जैसे छायादार और औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की प्रेरणा सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ से मिली। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने इसे सनातन परंपरा और आधुनिक चेतना का सुंदर समागम बताया। गुरुकुल संस्थापक पं. ललित राज व्यास ने कहा कि यह केवल पर्यावरणीय पहल नहीं, बल्कि माँ के प्रति श्रद्धा और धरती के प्रति कर्तव्य है। वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और गुरुकुल स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अध्यक्षता महंत रामेश्वर भारती ने की। शशिकांत जोशी ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केवल पीएमश्री विद्यालयों में अस्थायी शिक्षक नियुक्ति पर संघ ने जताई नाराजगी, सभी राजकीय स्कूलों में समान व्यवस्था की मांग

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज** - राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने केवल पीएमश्री विद्यालयों में ही अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु बजट जारी करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से सभी राजकीय विद्यालयों में छात्र अनुपात के आधार पर अस्थायी शिक्षक लगाने की मांग की है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान शिक्षा परिषद ने केवल पीएमश्री स्कूलों के लिए अधिगम संवर्धन कार्यक्रम के तहत 300 रुपए प्रति घंटा के मान से शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बजट जारी किया है, जबकि राज्यभर में सवा लाख से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या सिर्फ पीएमश्री स्कूलों में ही बच्चे पढ़ते हैं? महात्मा गांधी और अन्य राजकीय स्कूलों में भी भारी शिक्षक कमी है। संघ ने सभी स्कूलों के लिए समान रूप से बजट जारी कर शिक्षण व्यवस्था सुधारने की पुरजोर मांग की है, ताकि जब तक स्थायी नियुक्तियां नहीं होतीं, तब तक पढ़ाई प्रभावित न हो।

# जिला कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने जिले में समस्त विद्यालयों का सर्वे किया पूर्ण

## 22543 कक्षा कक्षों का किया निरीक्षण, 3210 जर्जर पाये जाने पर किए गए सील

## जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार से पुनः विधिवत संचालित होंगे समस्त राजकीय व निजी विद्यालय

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में उपखंड, जिला स्तरीय अधिकारियों, शिक्षा विभाग एवं प्रशासन द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों का सुरक्षा सर्वेक्षण अभियान पूर्ण कर लिया गया है। इस व्यापक सर्वे के तहत जिले के लगभग 2900 विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट कराया गया। निरीक्षण के दौरान 22543 कक्षा कक्षों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से 3210 कक्षा कक्षों को अत्यधिक जर्जर स्थिति में पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सील कर बंद कर दिया गया है। इन जर्जर कक्षों को आगामी रिपोर्टिंग के आधार पर ध्वस्त करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। जिला कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के दौरान लगभग 7400 कक्षा कक्ष मरम्मत योग्य पाए गए हैं, जिनके लिए मानकों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है, ताकि उनकी मरम्मत समयबद्ध रूप से करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों की पूर्ण पालना में यह कार्रवाई की गई है और अब सुरक्षा मानकों की पुष्टि के बाद शुक्रवार से जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालय पुनः विधिवत रूप से संचालित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और यदि किसी विद्यालय अथवा कक्षा कक्ष से जुड़ी कोई सूचना हो तो उसे तुरंत प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें। ऐसी सूचना पर शिक्षा अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट के माध्यम से जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए जा रहे असत्य या अपुष्ट समाचारों पर विश्वास न करें, प्रशासन द्वारा समस्त व्यवस्थाएं पूर्णतः वैकल्पिक एवं सुरक्षित आधार पर सुनिश्चित की गई हैं।

# एकलिंगपुरा से माकड़िया लिंक रोड की हालत बदहाल,ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित

## गड्ढे,कीचड़ और जलभराव ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें,प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** जिले के सुवाणा पंचायत समिति अंतर्गत एकलिंगपुरा गांव से सहाड़ा पंचायत समिति के माकड़िया गांव को जोड़ने वाली मुख्य लिंक रोड इन दिनों बदहाली का शिकार है। इस सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन राहगीरों को कीचड़, गहरे गड्ढे और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग दोनों पंचायत समितियों के लिए एक प्रमुख संपर्क साधन है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण हाईवे 758 तक पहुंचते हैं। बारिश के मौसम में यह सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो जाती है। गहरे गड्ढों में भरे पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को गंभीर जोखिम उठाना पड़ रहा है।

**स्थानीय ग्रामीणों** - तुलसीराम सेन, प्रहलाद सेन, सरवन सेन, राजमल प्रजापत, जमनालाल सुथार, गोपाल चोहान, गणपत सुथार, मुकेश प्रजापत, कैलाश चौहान, मदन सुथार, लालाराम शर्मा और सूर्यप्रकाश शर्मा - ने बताया कि यह समस्या महीनों से बनी हुई है। उन्होंने संबंधित विभागों को कई बार अवगत कराया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क की तुरंत मरम्मत कर इसे पक्का (डामर या सीमेंट कंक्रीट) किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात के मौसम में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। इस सड़क की दुर्दशा न केवल आम लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। अब ग्रामीणों को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से त्वरित राहत की उम्मीद है।

# संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार सेन का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन

किस्मत भीलवाड़ा



**आसींद।** स्वतंत्रता सेनानी श्री शंकरदेव भारती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार सेन का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन रॉयल वाटिका में विद्यालय स्टाफ एवं नगरवासियों आयोजित किया गया । कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू व अध्यक्षता सेवानिवृत्त संस्थाप्रधान राजेन्द्र कुमार सेन विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर, गोपाल सिंह चुंडावत, तेजवीर सिंह चुंडावत, सत्येंद्र सिंह रहे । गौरतलब है कि राजेंद्र कुमार सेन ने संस्था प्रधान पद पर रहते हुए विद्यालय में शैक्षणिक स्तर सुधार हेतु अनेक नवाचार किये जिससे शिक्षा विभाग सहित अन्य सभी कार्यक्रमों में आसींद ब्लॉक की रैंक हमेशा उच्च पायदान पर रही। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय स्टाफ एवं नगरवासियों की ओर से सामूहिक रूप से किया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने अपने संबोधन में राजेंद्र कुमार सेन के कार्य शैली, व्यवहार कुशलता, ईमानदारी व सहयोगात्मक रवैये की भूरी भूरी प्रशंसा की व उनके कार्यकाल को आसींद के लिए स्वर्णिम अध्याय बताया। पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सेवानिवृत्त संस्था प्रधान सेन के नगरवासियों व परिवारजनों द्वारा परिवार की ओर से साफा पहनाकर व अनेक स्मृति चिह्न देकर के सेवानिवृत्त संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार सेन का सम्मान किया । इस अवसर पर सत्यनारायण छिपा, ज्ञानचंद हरवानी, सुरेंद्र संचेती, सहित विभिन्न समाजसेवी संगठ से जुड़े हुए पदाधिकारी, राजकीय व निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान, शिक्षक उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन मशकूर अहमद शेख ने किया।

# लाल का चोराया पर बने राजकीय विश्रान्ति गृह में अवेध अतिक्रमण को हटाने के लिय ग्रामीणों ने वार्ड पंच के नेतृत्व में बीडीओ को दिया ज्ञापन




किस्मत भीलवाड़ा

**शक्करगढ़** ग्राम लाल का खेडा पंचायत बरोदा में मुख्य चोराहा पर राजकीय भवन विश्रान्ति गृह में अवेध रूप से अतिक्रमण कर ई मित्र चलाने के विरोध में ग्रामीणों ने वार्ड पंच मोनू बलाई के नेतृव में जहाजपुर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया की राजकीय संपति में एक व्यक्ति अवैध रूप से 4 साल से ई मित्र चला रहा है ओर इसके नजदीक ही हनुमान जी का मन्दिर बना हुआ है जिसमे आये दिन धार्मिक कार्यकम होते रहते है ओर सभी आम आदमियों के रूकने के लिए उक्त राजकीय भवन विश्रान्ति गृह आम आदमियो के विश्राम करने के लिए बना हुआ है। जिस पर ई मित्र संचालक रायसिंह राजपुत निवासी लाल का खेड़ा ने अवैध रूप से कब्जा करके इस पर ई मित्र चला रखा है लोगो के द्वारा इसको यहा से ई मित्र को हटाने के लिए बोलने पर यह मारने पीटने पर उतारू हो जाता है। जिससे आमजन को काफि परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शक्करगढ से जहाजपुर मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में पेदल यात्री व आने जाने वाले लोग बच्चे, महिलाए काफि परेशान होते हे ग्रामीणों ने विश्रांति गृह खाली कराने की मांग की जिससे पैदल यात्रियों और आमजन को बारिश के मौसम में दुविधा नहीं हो

# लायंस क्लब ने जिला चिकित्सालय मेंमरीजों फल फ्रूट व बिस्किट वितरण कर पूँछी कुशल क्षेम



**केकड़ी** लायंस क्लब केकड़ी द्वारा स्वर्गीय जगदीश जी चौधरी की पुण्य स्मृति पर लायंस क्लब केकड़ी के अध्यक्ष लाइन निरंजन चौधरी की तरफ से राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को बिस्तर पर जाकर फल फ्रूट व बिस्किट वितरण किए गए। प्रांतीय सभापति लायन एस एन न्याती ने बताया की प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन जांगिड़ के सानिध्य में अध्यक्ष निरंजन चौधरी, सचिव भागचंद मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष विनय पांड्या, जगदीश फतेहपुरिया, एडवोकेट रामावतार मीणा, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट लोकेश शर्मा, आसाराम जांगिड़, दिनेश गर्ग, मुरारी गर्ग, लियो युवराज जैन, लियो अर्पित गर्ग, लियो वैभव मेडतवाल, लायन राजेंद्र कुमार सोनी सहित चिकित्सा विभाग के कम्पाउंडर व चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

# शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर श्रद्धालु हुए भावविभोर





किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** - सूरजपोल गेट स्थित रामस्नेही वाटिका में आयोजित शिव महापुराण कथा में बुधवार रात्रि को अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत रामशरण महाराज (केलवा वाले) ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। इस प्रसंग को सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और माहौल भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान प्रस्तुत की गई शिव-पार्वती विवाह की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्पवर्षा की और विवाह गीतों पर झूम उठे। इस झांकी में शिव की भूमिका में अनिल मंत्री और पार्वती की भूमिका में रेखा मंत्री नजर आए। संत रामशरण महाराज ने बताया कि माता पार्वती बचपन से ही शिवभक्त थीं। नारद मुनि के मार्गदर्शन से उनका विवाह शिव जी से तय हुआ। शिव जब बारात लेकर पहुंचे तो उनके साथ भूत-पिशाच, यक्ष-गंधर्व, अप्सराएं और विचित्र गण शामिल थे। इस अद्भुत बारात को देख पर्वतराज आश्चर्यचकित रह गए, लेकिन पार्वती ने हर्ष से भोलेनाथ को पति रूप में स्वीकार किया। कथा के अंत में संत रामशरण महाराज ने भक्ति गीतों "डम डम डमरू" और "भोलेनाथ स्वामी" से समां बांध दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव विवाह प्रसंग का आनंद लिया।

# सावन विशेष- शक्करगढ़ के श्री संकट हरण हनुमंत धाम में पारद शिवलिंग का भव्य जलाभिषेक, 4 अगस्त को चतुर्दिक वाहन कावड़ यात्रा

किस्मत भीलवाड़ा



**शक्करगढ़/सांवरिया सालवी** - सावन माह के चौथे सोमवार, 4 अगस्त को शक्करगढ़ स्थित श्री संकट हरण हनुमंत धाम में भव्य चतुर्दिक वाहन कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में चारों दिशाओं से श्रद्धालु पवित्र जल लेकर 251 किलो पारद (पारे) से निर्मित पारदेश्वर महादेव शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। यह राजस्थान का पहला ऐसा शिवलिंग है, जो शास्त्रीय विधि से पारद द्वारा निर्मित किया गया है। पारद शिवलिंग में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास माना गया है। शिवपुराण के अनुसार, सावन में पारद शिवलिंग की पूजा से समस्त शिवलिंगों की पूजा का फल प्राप्त होता है। कावड़ यात्रा पूर्व दिशा से सिंधकेश्वर महादेव, पश्चिम से त्रिवेणी संगम, उत्तर से गाडोली महादेव एवं बनास नदी तथा दक्षिण से तिलस्वा महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी। आयोजन की रूपरेखा परमादर्श आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। श्री संकट हरण हनुमंत धाम में हनुमान, राम दरबार, राधा-कृष्ण और पारदेश्वर महादेव के दर्शन एक साथ होते हैं। परिसर में श्री संकट मोचन आदर्श गौशाला का संचालन भी किया जाता है, जिसमें वर्तमान में 650 गोमाता हैं। मंदिर द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन और आवास (45 सुसज्जित कमरे) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। देशभर से श्रद्धालु यहां आकर पारद शिवलिंग का जल, दुग्ध, बिल्वपत्र से अभिषेक कर अपने कष्टों से मुक्ति की कामना करते हैं।



# स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा जिला कारागृह की ली तलाशी



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाडा,** स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा जिला कारागृह की आकस्मिक सघन तलाशी गुरूवार को ली गई । इस दौरान उपखण्ड मजिस्ट्रेट भीलवाडा अक्षत कुमार सिंह के नेतृत्व में सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर, थानाधिकारी पुलिस थाना सुभाष नगर शिवराज गुर्जर, थानाधिकारी पुलिस थाना भीमगंज गजेन्द्र सिंह, थानाधिकारी पुलिस थाना प्रतापनगर सुरजीत ठोलिया, ए.एस.आई. पुलिस थाना कोतवाली मदन लाल एवं अधीक्षक, जिला कारागृह भैरु सिंह राठौड, व उप कारापाल श्रीमती स्वीटी स्टेला, व हीरालाल गुर्जर की मौजूदगी वे निर्देशन में पुलिस जाब्ता द्वारा जिला कारागृह की सघन तलाशी ली गई। तलाशी में किसी भी प्रकार की निषिद्ध सामग्री / वस्तु बरामद नहीं हुई।

# कोटड़ी कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर आचार्य की नियुक्ति, कार्यकर्ताओं में उत्साह

किस्मत भीलवाड़ा



कोटड़ी, - कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व मेवाड़ नेता व पूर्व मंत्री धर्मवीर धीरज गुर्जर के निर्देशन में सत्यनारायण आचार्य पुत्र रामदेव आचार्य को कोटड़ी कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। सत्यनारायण आचार्य की संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक जुड़ाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी तेजमल सैनी ने "जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस" का नारा देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# प्रियंका गांधी से राजस्थान के विधायकों ने की मुलाकात



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** - मेवाड़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर की पहल पर राजस्थान से आए कांग्रेस विधायकों और नेताओं की प्रियंका गांधी वाड्रा से विशेष मुलाकात करवाई गई। इस मुलाकात में विधायक मुकेश भाकर, मनीष यादव, राष्ट्रीय सचिव चन्दन यादव, अभिषेक दत्त और सह सचिव रणविजय सिंह लोचन सहित कई नेता शामिल रहे। श्री गुर्जर की संगठनात्मक सक्रियता और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क के चलते यह मुलाकात संभव हो सकी, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सराहा।

# संगम विश्वविद्यालय में तुलसीदास और प्रेमचंद जयंती मनाई गई



**भीलवाड़ा,** - संगम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से आज गोस्वामी तुलसीदास और उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रो. राजीव मेहता ने कहा कि तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से सनातन संस्कृति को मजबूती दी, वहीं प्रेमचंद ने अपनी कहानियों और उपन्यासों के जरिए समाज की सच्चाइयों को उजागर किया। उप-अधिष्ठाता डॉ. जोरावर सिंह राणावत ने तुलसीदास को समाज में नैतिक मूल्यों के प्रेरणास्रोत के रूप में बताया। मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा ने प्रेमचंद को हिंदी साहित्य का स्तंभ बताते हुए कहा कि उन्होंने 300 से अधिक कहानियों और 18 उपन्यासों के जरिए सामाजिक सुधार का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. निर्मला राव और धन्यवाद डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने किया।

# काछोला-कटारिया खेड़ा मार्ग पर पुलिया सुरक्षित, आवागमन जारी - जिला प्रशासन



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** - काछोला-कटारिया खेड़ा मार्ग पर पुलिया पूरी तरह बहने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरें भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उपखंड अधिकारी ने जानकारी दी कि हालिया बारिश में पुलिया का केवल आंशिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि शेष संरचना सुरक्षित है और मार्ग पर आवागमन निरंतर जारी है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की। साथ ही सम्बंधित विभाग को जल्द मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी सूचना की पुष्टि प्रशासनिक स्रोतों से ही करें। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है और सभी अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# "एक पौधा मां के नाम" अभियान के तहत हरियालो राजस्थान पर राजीविका आसींद ने मां की याद में लगाए पौधे

किस्मत भीलवाड़ा



**आसीन्द** - तहसीलदार आसीन्द की स्वीकृति पर ब्राह्मणो की सरेरी की बिलानाम सरकारी भूमि आराजी संख्या 6399/5891 , 6407/6122 में राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण और भावनात्मक जुड़ाव को लेकर चलाए जा रहे "हरियालो राजस्थान" अभियान के अंतर्गत "एक पौधा मां के नाम" कार्यक्रम ने नई मिसाल कायम की है। इस विशेष पहल के तहत आज विभिन्न जिलों में हजारों लोगों ने अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे रोपे इसी कड़ी में आसींद ब्लॉक के सरेरी ग्राम पंचायत में राजीविका के माध्यम से पौध लगा ट्री गार्ड से सुरक्षा भी मुहैया करवाई। कार्यक्रम का राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद आसींद के सहयोग से किया गया, जिसमें स्वयं सहायत समूह से जुड़ी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हर व्यक्ति ने पौधा लगाते समय अपनी मां के नाम की पट्टिका लगाई और वादा किया कि वे इस पौधे की देखभाल उसी तरह करेंगे जैसे मां अपने बच्चों की करती है। पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि इस अभियान से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि भावनात्मक रूप से लोग पौधों से जुड़ेंगे भी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी डॉक्टर प्रवीण मीणा एवं ब्लॉक सांख्यिकीय अधिकारी योगेश कुमार शर्मा ने भी इस अवसर पर पौधारोपण कर अभियान की सराहना की और इसे "संवेदनाओं और हरियाली का संगम" बताया।

**मुख्य आकर्षण माँ के नाम पर पौधे लगाकर अनोखा सम्मान।**

"एक पौधा = एक स्मृति" की भावना को बल। "हरियालो राजस्थान" की यह पहल केवल पर्यावरण बचाने का संदेश नहीं है, बल्कि मां के प्यार को धरती पर हरियाली के रूप में जीवित रखने की एक भावनात्मक कोशिश भी है। इस उपलक्ष पर राजीविका परिवार से ब्लॉक ?मआईएस मैनेजर अरविंद मेघवंशी, सरेरी क्लस्टर से अनुसूया शर्मा, सरिता शर्मा सरोज शर्मा, शिवराज कंवर पालड़ी, मीना शर्मा बैंक मित्रा, पुरण कंवर प्रियंका शर्मा एवं समाज सेवी संदीप चांवला और सीता राम भील, गौरीशंकर भील अन्य गांव के गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

# बनेड़ा में क्षय रोगियों को वितरित की गई निक्षय पोषण किट



किस्मत भीलवाड़ा

**बनेड़ा, 31 जुलाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेंदरपुरी गोस्वामी के निर्देशानुसार निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तहसील के विभिन्न ग्रामों से आए क्षय रोगियों व उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. बनवारीलाल यादव ने बताया कि तपेदिक रोग कुपोषण से जुड़ा होता है, इसलिए पौष्टिक आहार एवं समय पर दवा लेना बेहद जरूरी है। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर फारूक मोहम्मद भिस्ती और वरिष्ठ तकनीकी सहायक ईश्वर सिंह तंवर ने तपेदिक की जांच प्रक्रिया और बचाव के उपायों की जानकारी दी। डॉ. अजय ज्वाला और डॉ. सुहानी ने भी मरीजों को जागरूक किया। वर्ष 2025 में अब तक 100 से अधिक रोगियों को निक्षय किट वितरित की जा चुकी है। ब्लॉक सीएमएचओ ने शत-प्रतिशत वितरण का लक्ष्य रखने की बात कही। कार्यक्रम में विनय पराशर, रईसा रंगरेज, विजयलक्ष्मी शर्मा, इदरीश सिलावट, श्यामसुंदर शर्मा, सीमा बेरवा, मोहसिन खान सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संगम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस छात्रों की शानदार प्लेसमेंट सफलता



टीसीएस सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

**भीलवाड़ा,** - संगम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने वर्ष 2024-25 के प्लेसमेंट सत्र में शानदार सफलता अर्जित की है। विभाग के कई छात्रों का चयन देश की नामी कंपनियों में हुआ, जिसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) में चयन सबसे उल्लेखनीय रहा। यह सफलता विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कुशल संचालन, छात्रों की कड़ी मेहनत, और विभागीय मार्गदर्शन का परिणाम है। अन्य चयनित कंपनियों में कोडिटास सॉल्यूशंस एलएलपी (पुणे), प्रोडेस्क, संगम इंडिया लिमिटेड, टेक2 टेक्नोलॉजी, युतिका नैचुरल्स, डेल्टैक्स टेक, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, इनोवेटेक, इंटेलीपाठ, क्यूस्पाइडर, असाही इंडिया ग्लास, सहित 20+ प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन, रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनुराग शर्मा, और विभागाध्यक्ष प्रो. विकास सोमानी ने चयनित छात्रों को बधाई दी। नेतृत्वदाताओं ने कहा कि यह उपलब्धि संगम विश्वविद्यालय की इंडस्ट्री-कनेक्टेड एजुकेशन और छात्रों के समग्र विकास पर आधारित रणनीति का प्रतिफल है।

# लायंस क्लब लायन वर्ष 2025-26 की प्रथम बैठक आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** लायंस क्लब बिजयनगर की लायन वर्ष 2025- 26 की प्रथम साधारण सभा की बैठक राजकीय चिकित्सालय लायंस धर्मशाला पर क्लब अध्यक्ष डॉक्टर आशित कुमार विश्वास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक मे क्लब पिकनिक कार्यक्रम 10 अगस्त को करने व 15 अगस्त का क्लब कार्यक्रम धूमधाम से मनाने व लायंस कांवड़ पदयात्रा का आयोजन 7 अगस्त को देवनारायण मंदिर से गौरी शंकर नीलकंठ महादेव तक करने हेतु तथा क्लब द्वारा 3 अगस्त को प्रांतीय कार्यक्रम पद स्थापन समारोह में अजेमर शामिल होने व क्लब द्वारा 14 सितंबर को रक्त दान शिविर आयोजित करना का निर्णय व विभिन्न स्कूल में नेत्र व दांत रोग शिविर आयोजित करने व अन्य कई सेवा कार्य व धार्मिक कार्य के आयोजनों का प्रस्ताव चर्चा कर सर्वसमिति से पारित किया गया। बैठक के बाद मे जुलाई माह के लायन सदस्यों का सामूहिक जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ के कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से क्लब सदस्य द्वारा किया गया।इस दौरान क्लब अध्यक्ष डॉक्टर आशित कुमार विश्वास, सचिव सुधीर शर्मा, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सोनी, संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गोयल, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजकुमार बिंदल, पूर्व अध्यक्ष डॉ अमित उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष चिरंजीलाल नवाल, पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ पाराशर,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र धनोपिया ,महावीर ट्रेलर, बुद्धि प्रकाश पारीक,मुकेश पंडावर, विजय अरोड़ा,अशोक कुमट ,सत्यजीत जेटली, डॉ एस एस अग्रवाल, आशुतोष महेश्वरी,स्नेहा पंडवार,अनीता विश्वास, सहित लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# सावन मास के अंतिम सोमवार को नीलेश्वर महादेव का बुद्धा पुष्कर के पवित्र जल से होगा जलाभिषेक



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** सावन मास के अंतिम सोमवार को बुद्धा पुष्कर के पवित्र जल से श्री नीलेश्वर महादेव का होगा जलाभिषेक। महंत पवन दास वैष्णव ने बताया की गत वर्ष की भांति इस बार भी द्वितीय पैदल कावड यात्रा पुष्कर से पवित्र जल लेने के लिए गुरुवार को कावडीये शिव भक्त गुलाबपुरा से पुष्कर के लिए हुए रवाना जो शुक्रवार को बुद्धा पुष्कर मे पूजा अर्चना करके जल कावड मे भर कर पैदल रवाना होगें। पैदल कावड यात्रा पुष्कर से अजमेर, नसीराबाद, बान्दनवाडा बिजयनगर, होते हुए 102 किलोमीटर चल कर गुलाबपुरा पहुंचगे, जिनका खारी नदी तट पर स्वागत किया जायेगा व गाजेबाजे के साथ सावन के अंतिम चौथे सोमवार को नीलेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जायेगा।

# भीलवाड़ा-थाना पुर पुलिस ने 48 घंटे में ट्रेलर चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** थाना पुर पुलिस ने जिंदल सॉ लिमिटेड कंपनी की पार्किंग से चोरी हुए ट्रेलर की वारदात का 48 घंटे में सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ट्रेलर संख्या को गुजरात के गांधीधाम से कोयला लाकर शंभूपुरा में खाली किया गया था, जिसके बाद 26 जुलाई को चालक ने उसे पार्किंग में खड़ा किया था। जांच में जुटी पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और पारंपरिक तरीकों से जांच करते हुए ट्रेलर को टोंक जिले के दुणी से बरामद किया और दो आरोपियों - रामरूप मीणा (27) और रोहित मीणा (19) को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशन पटेल और वृत्ताधिकारी मेघा गोयल के निर्देशन में तथा थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में की गई।

# माण्डल पुलिस ने अफीम तस्करों को पकड़ा,फर्जी नंबर प्लेट वाली कार जब्त


किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा, 31 जुलाई।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत माण्डल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विक्रम सेवावत के नेतृत्व में की गई नाकाबंदी के दौरान एक सफेद हुंडई द्व20 कार को रोका गया, जिसकी नंबर प्लेट संदिग्ध पाई गई। जांच में नंबर प्लेट और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र फर्जी निकले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश विश्नोई (34) निवासी चोटिया पंवारों की ढाणीयां, और विष्णु विश्नोई (25) निवासी रोहिचा कलां, जोधपुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से गाड़ी की पहचान छिपाकर उसका इस्तेमाल अवैध अफीम डोडा चुरा की तस्करी में कर रहे थे। पुलिस ने वाहन व दस्तावेज जब्त कर गहन पूछताछ शुरू कर दी है।

# "भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025" के सेमीफाइनल में बच्चों का धमाल, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** - ब्रिटी स्कूल का मंच रविवार को "भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025" के सेमीफाइनल राउंड में हुनर के सैलाब से सराबोर हो गया। नृत्य, गायन, मिमिक्री, एक्टिंग और आर्ट जैसी विधाओं में बच्चों और युवाओं ने ऐसी प्रतिभा दिखाई कि दर्शक तालियों से मंच गूंजा उठे। मुख्य अतिथि समाजसेवी मंजु पोखरना ने कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर कहा, "भीलवाड़ा जैसे छोटे शहर में छिपी हुई इतनी प्रतिभा देख मैं भावुक हो गई हूं।" आयोजक दीपक चंडालिया ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों (4-9 वर्ष, 10-16 वर्ष, और 17 वर्ष से ऊपर) में विभाजित किया गया है, जिससे सभी प्रतिभागियों को मंच मिला। उन्होंने बताया कि ग्रैंड फिनाले के लिए विशेष थीम रखी जाएगी, जिससे बच्चे अपनी रचनात्मक सोच और कला को नए रूप में प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में IMOC के विनील गुप्ता, सौरभ माहेश्वरी, आदित्य सेन, हारून रंगरेज, चेतन जोशी, अकिन चौधरी, विष्णु सुथार, गुरप्रीत सिंह व अन्य सहयोगियों की अहम भूमिका रही। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भीलवाड़ा को "प्रतिभा का शहर" साबित करने वाला एक सांस्कृतिक आंदोलन बन गया है।

## राजलदेसर में बहुत बड़ा हादसा टला

# विद्युत विभाग में स्थित शहरी कनिष्ठ अभियंता का भवन गिरा

### समय पर ध्यान नहीं दिया तो राजकीय चिकित्सालय के क्वार्टर भी गिर सकते हैं

### जिस समय भवन का हिस्सा गिरा था उस समय जेईएन सहित 6 कर्मचारी अंदर मौजूद थे



किस्मत भीलवाड़ा

**राजलदेसर/चूरू ।** राजलदेसर में रेलवे स्टेशन के पास स्थित है विद्युत विभाग में कनिष्ठ अभियंता शहरी भवन का एक हिस्सा बारिश के चलते करीब 1 बजे अचानक गिर गया । गरीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था । जिस समय भवन का एक हिस्सा गिरा था उस समय कनिष्ठ अभियंता सहित 6 कर्मचारी भवन के अंदर मौजूद थे । जैसे ही भवन का हिस्सा गिरा तो वहां पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई । बड़ी मुश्किल से लोगों को बाहर निकाला गया सभी में डर का माहौल था तो बाहर आने से डर लग रहा था उनको कहीं बाकी का हिस्सा भी नहीं गिर जाए । सूचना मिलते ही रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, रतनगढ़ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार , राजलदेसर तहसीलदार जितेंद्र सिंह, रतनगढ़ पुलिस उपधीक्षक अनिल कुमार ,एक्सईएन सिविल बीकानेर हेमेंद्र सिंह शेखावत एक्सईएन सीताराम जांगिड, ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया । तथा कर्मचारियों से हाल-चाल व जानकारी ली । एईएन पंकज कुमार ने बताया कि अचानक जोर से धमाका हुआ तो बाहर निकलकर देखा तो कनिष्ठ अभियंता भवन का एक हिस्सा पूरी तरह से गिर गया था तथा अंदर कनिष्ठ अभियंता सहित 6 कर्मचारी फंसे हुए थे । उनको धीरे-धीरे बाहर निकला गया । गरिमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई क्योंकि जिस तरह से भवन अचानक गिरा था तो हम सब के अंदर डर पैदा हो गया था कहीं कोई अंदर नहीं दब गया हो बारिश के चलते कोई उपभोक्ता वहां पर नहीं था नहीं तो वहां पर ज्यादातर उपभोक्ता भी बैठे रहते हैं । वहीं एसडीएम मिथिलेश कुमार ने कहा कि जैसा की बताया यह भवन बहुत ही पुराना था लेकिन गिरने की कंगार पर नहीं था फिर गिर गया । गरिमत रही की कोई जन हानि नहीं हुई उन्होंने ग्रामीणों सहित अपील की है कि जो भवन जर्जर स्थिति में है उस भवन में ना बैठे तथा उससे काफी दूरी बनाए रखें तथा भवन व मकानो की छतों पर पानी इकट्ठा ना होने दे मौसम विभाग के द्वारा 3 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है तो सभी अत्यधिक आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकले तथा सावधानी बरते ।

# भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की बैठक आयोजित



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** ग्राम भोजरास भारत विकास परिषद शाखा की बैठक शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शाखा द्वारा 5 अगस्त को होने वाले एनीमिया मुक्त राजस्थान हीमोग्लोबिन जांच शिविर की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में विद्यालयों का चयन, भारत को जानो परीक्षा के संबंध में, व वृक्षारोपण कार्यक्रम पर शाखा सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। शाखा के सभी संयोजक ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र पर चर्चा की। इस अवसर पर शाखा सचिव अमर सिंह राठौड़, शाखा सेवा संयोजक अशोक कुमार अजमेरा, शाखा संस्कार संयोजक जगदीश प्रसाद कुम्हार, शाखा संपर्क संयोजक अशोक कुमार मानावत, शाखा पर्यावरण संयोजक राजू लाल जाट, शाखा गुरु वंदन प्रभारी रतन सिंह गहलोत, शाखा भारत को जानो प्रभारी भंवरलाल शर्मा, शाखा वरिष्ठ सदस्य सम्पत पुरी मौजूद थे।

# भक्तामर श्लोक आराधना से बिखरी भक्ति व आध्यात्म की ऊर्जा

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित साप्ताहिक अनुष्ठान आराधना में महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में भक्तामर स्रोत के 45वें श्लोक "उद्भुत भीषण जलोदर भार भुग्ना" का जाप किया गया। रिमझिम बारिश के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालु शुद्ध भावों के साथ आराधना में शामिल हुए। महासाध्वी जी ने बताया कि इस श्लोक की श्रद्धा से की गई आराधना शरीर की आरोग्यता, विशेषकर जलोदर व कैंसर जैसे रोगों से राहत देती है। मंत्रों की शक्ति से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा व मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। अनुष्ठान की शुरुआत श्री व्रज पंज्जर स्तोत्र की आराधना से हुई। कार्यक्रम में महासाध्वी महाप्रज्ञाजी, साध्वी पद्मकीर्तिजी और साध्वी राजकीर्तिजी का भी सान्निध्य मिला। लाभार्थी परिवारों सहित पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह राठौड़, सुरेश खत्री, लादूलाल तेली सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। चातुर्मास समिति व श्रीसंघ पदाधिकारियों ने सभी का स्वागत किया। शुक्रवार को पद्मावती एकासन आराधना विधि आयोजित होगी।

# शिवगंज से कामेश्वर महादेव तक 25वीं पदयात्रा का आयोजन

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज** श्री सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा 25वीं श्री कामेश्वर महादेव पदयात्रा (रजत जयंती महोत्सव) का आयोजन 3 अगस्त 2025 रविवार को होगा। यात्रा सुबह 5 बजे गजानन मंदिर, गोल्ड बिल्डिंग से शुरू होकर कामेश्वर महादेव मंदिर तक जाएगी। इससे पूर्व 1 व 2 अगस्त को प्रभात फेरी और 2 अगस्त को संतो का सामेला आयोजित होगा। पदयात्रा में देशभर से श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम में संत प्रवचन, सहयोगकर्ताओं का सम्मान एवं प्रसादी वितरण भी होगा। महात्माओं के सान्निध्य में भक्ति व श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।

# जिला कांग्रेस ने मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** आधुनिक राजस्थान के निर्माता और पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सभापति मधु जाजू ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने सुखाड़िया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश अमरवाल, सुरेश कुमार बंब, पीर बख्श मंसूरी, परसराम जाट कांदा, सेवादल महासचिव संदीप टेलर, मुस्ताक अली मंसूरी, अली मंसूरी, गौरीशंकर दायमा, मो. हारून रंगरेज, जीतेश कुमार चपलोत, योगिता सुराणा, दिनेश बैरवा, अतुल सुराणा और सीपी खटीक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात सभी कांग्रेसजन सुखाड़िया सर्कल पहुंचे, जहां मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# केकड़ी पुलिस ने गेहूं-चने की चोरी का किया खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी,** केकड़ी शहर थाना पुलिस ने गेहूं और चने के कट्टों की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी में प्रयुक्त बाइक सहित माल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा (IPS) व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योराजमल (RPS) के निर्देशन में, वृताधिकारी हर्षित शर्मा व थानाधिकारी कुसुमलता मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। चोरी की वारदात को लेकर फरियादी राजेन्द्र जाट ने रिपोर्ट दी थी कि 20 से 28 जुलाई के बीच उसके घर से लगभग 3 लाख की नकदी, चने व गेहूं के कट्टे और लोहे का सामान चोरी हो गया। रिपोर्ट पर मुकदमा क्रमांक 266/2025 दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से दो संदिग्धों राजू खिलजी (25) और जयसिंह (22) को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी चुंगी नाका क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में चोरी स्वीकार करने पर उनके कब्जे से चोरी का माल व आरजे 01 एसजी 0255 नंबर की बाइक जब्त की गई। इस कार्रवाई में एएसआई शंकरलाल, कांस्टेबल राकेश और नीरज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केकड़ी पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# मोक्ष सप्तमी पर भगवान पार्श्वनाथ का पूजन, निर्वाण लड्डू चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित

किस्मत भीलवाड़ा





**भीलवाड़ा,** श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मोक्ष सप्तमी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य समापन हुआ। पट्टाचार्य आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज के शिष्य मुनि अनुपमसागरजी एवं मुनि निर्मोहसागरजी के सानिध्य में गुरुवार को भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण दिवस पर मोक्ष लड्डू चढ़ाया गया। प्रवचन में मुनि अनुपमसागरजी ने कहा कि मोक्ष सप्तमी वह पुण्य तिथि है, जब भगवान पार्श्वनाथ ने अष्टकर्मों का नाश कर सम्मेद शिखर पर मोक्ष प्राप्त किया। यह दिन उनके उपदेशों - सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य - की पुनः स्मृति और आचरण का पर्व है। मुनिश्री ने भक्तों को भगवान पार्श्वनाथ के जीवन प्रसंगों से प्रेरणा लेकर संयम, समता और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। समारोह में समाजजनों ने भक्ति भावपूर्वक भगवान का पूजन कर निर्वाण लड्डू अर्पित किया। तपस्विनी बालिकाओं की अनुमोदना के साथ विनती कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। लड्डू चढ़ाने व शांतिधारा का सौभाग्य लुहाड़िया, वेद, छाबड़ा सहित अनेक परिवारों को मिला। कार्यक्रम का संचालन पं. आशुतोष शास्त्री व पदमचंद काला ने किया। समिति अध्यक्ष राकेश पाटनी व मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने समाज के सभी सहयोगियों का आभार जताया। प्रतिदिन वर्षायोग के अंतर्गत अभिषेक, प्रवचन, स्वाध्याय, आरती जैसे विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।

# वायु प्रदूषण से स्मृति-लोप का बढ़ता खतरा



ललित गर्ग

**अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है।**

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है।

द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहाँ तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आँकड़े दशार्ते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गँवाने के समान है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं।

बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है। शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि ये सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं।

हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है। अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुँचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)



## संपादकीय

### सीजफायर में मध्यस्थता नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोक सभा में स्पष्ट किया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के लिए नहीं कहा। लोक सभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष बहस में हस्तक्षेप करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत ने 'पाकिस्तान की नाभि' पर वार किया है। प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इस सैन्य अभियान को दुनिया के तमाम देशों का समर्थन मिला लेकिन मुख्य विपक्षी दल का नहीं। प्रधानमंत्री मोदी का बयान महत्त्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप उनतीस बार दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान ने उनके कहने पर सीजफायर किया था। चर्चा में शिरकत करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दोहराया कि हिम्मत है तो मोदी ट्रंप को झूठा कहें जो बार-बार दावे करते रहे हैं कि उनके भारत और पाकिस्तान से व्यापार न करने की बात कहने पर दोनों पड़ोसी देशों ने युद्धविराम किया। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि सरकार में इच्छाशक्ति की कमी के कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत को कुछ विमानों का नुकसान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सेना को खुली छूट दे दी थी और हम पर परमाणु शक्ति होने के नाम पर पाकिस्तान की 'ब्लैकमेलिंग' का कोई दबाव नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने इस बात को साबित भी किया है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में क्रूर आतंकी घटना घटित हुई जब आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों से धर्म पूछ कर गोलियां चलाई। इस आतंकी घटना में 26 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी और अनेक घायल हुए। यह आतंकी घटना क्रूरता की पराकाष्ठा थी, जिसने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया। यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सुविचारित प्रयासथा। इसके जरिए भारत में दंगे कराने की साजिश थी। लेकिन भारतवासी गजब की एकता दिखाते हुए मुहंतोड़.जवाब दिए जाने के लिए मांग पर अड़िग हो गए। सरकार पर दबाव पड़ा जिसके चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए। लेकिन एकाएक युद्ध विराम से कयासबाजी होने लगीं। किसी को भी एकाएक युद्ध विराम की घोषणा पची नहीं और इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से भारत की संप्रभुता और विदेश नीति को लेकर सवाल उठने लगे। लेकिन पीएम मोदी ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, और अब शक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए।

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# वर्ल्ड वाइड वेबः सीमाओं के पार सूचना की स्वतंत्र उड़ान



योगेश कुमार गोयल




इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र W W W (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई?

वर्ष 1989 में 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही 'W W W' से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए 'इनक्वायर' नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी।


दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर 'W W W' की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं।

वैसे तो आज दुनियाभर में हर कोई इस बात से परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। दरअसल वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं।

दरअसल सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जो विभिन्न प्रोग्राम्स के तहत कार्य करता है और इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। यही नहीं, इन पृष्ठों की संख्या में आए दिन वृद्धि होती जाती है। यह वेब आधारित एक ऐसी विशेष साइट है, जिसकी सहायता से आप किसी भी विषय पर एकत्रित की गई सूचनाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं। जब भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। 'गूगल', 'याहू', 'खोज' इत्यादि कुछ ऐसे सर्च इंजन हैं, जो आज दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और प्रतिदिन लाखों-करोड़ों बार हिट किए जाते हैं। यदि आप किसी खास विषय से संबंधित जानकारी पाना चाहते हैं तो अपनी खोज को विशेष बनाने के लिए टाइप किए जाने वाले शब्दों के साथ +, - इत्यादि चिन्हों का प्रयोग कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर यदि आप चाहते हैं कि आप द्वारा खोजे जा रहे वेबपज पर इंदिरा और राजीव दोनों का ही नाम हो तो आप सर्च इंजन के टूल बार में इंदिरा+राजीव टाइप करके एंटर कर दें, आप द्वारा चाही गई जानकारी कुछ ही पलों में आपके सामने होगी।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# सीवर में मौत : संवेदनहीनता की पराकाष्ठा



पंकज चतुर्वेदी

केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा कराए गए एक सोशल ऑडिट की ताजा रिपोर्ट से बेहद दर्दनाक सच्चाई सामने आई है कि सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जान गंवाने वाले 90प्र. से ज्यादा मजदूरों के पास किसी भी तरह के सुरक्षा उपकरण नहीं थे। जांचकताओं ने 2022-23 के बीच 8 राज्यों के 17 जिलों में हुई में हुई 54 मौतों की गहराई से पड़ताल की। पाया कि 54 मौतों में से 49 मामलों में मजदूरों ने कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं पहना था। पांच मामलों में उनके पास दस्ताने थे और सिर्फ एक मामले में दस्ताने और गमबूट, दोनों थे।

इससे भी ज्यादा गंभीर बात यह है कि 47 मामलों में मजदूरों को सफाई के लिए कोई भी मशीनी उपकरण नहीं दिया गया था। यही नहीं, 27 मामलों में तो मजदूरों से काम के लिए सहमति तक नहीं ली गई थी और जिन 18 मामलों में लिखित सहमति ली भी गई, वहां उन्हें काम में शामिल जान के खतरों के बारे में कुछ नहीं बताया गया। सरकार ने संसद में स्वीकार किया कि 'नमस्ते' योजना के तहत 'खतरनाक तरीके से सीवर की सफाई' की समस्या के निराकरण पर काम करना बचा है। नमस्ते योजना के तहत अब तक देश भर में 84,902 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की पहचान की गई है, जिनमें से आधे से कुछ ज्यादा को ही पीपीई किट और सुरक्षा उपकरण दिए गए हैं।

विदित हो कोई पांच साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि यदि सीवर की सफाई के दौरान श्रमिक मारे जाते हैं, तो उनके परिवार को सरकारी अधिकारियों को 30 लाख रुपये मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने साथ ही कहा था कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये और अन्य किसी विकलांगता से ग्रस्त होने पर 10 लाख रुोपये का मुआवजा देना होगा। यह आदेश भी क्रियान्वयन के धरातल पर उतर नहीं पाया क्योंकि सीवर की सफाई करने वालों में से अधिकांश को कार्य सौंपने का कोई दस्तावेज ही नहीं होता।

सीवर के मौतघर बनने का कारण सीवर की जहरीली गैस बताया जाता है। हर बार कहा जाता है कि यह लापरवाही का मामला है। पुलिस ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेती है। शायद यह पुलिस को भी नहीं मालूम है कि इस तरह सीवर सफाई का ठेका देना हाई कोर्ट के आदेश के विपरीत है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और मुंबई हाई कोर्ट ने 12 साल पहले सीवर की सफाई के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। सरकार ने भी 2008 में अध्यादेश ला कर गहरे सीवर में सफाई का काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने की अनिवार्यता की बात कही थी। लेकिन समस्या यह है कि अधिकांश मामलों में मजदूरों को काम पर लगाने का कोई रिकार्ड ही नहीं होता। सिद्ध करना मुश्किल होता है कि अमुक को अमुक ने इस काम के लिए बुलाया था या काम सौंपा था। अनुमान है कि हर साल देश भर के सीवरों में औसतन एक हजार लोग दम घुटने से मरते हैं। जो दम घुटने से बच जाते हैं, उनका जीवन सीवर की विषैली गंदगी के कारण नरक से भी बदतर हो जाता है। देश में दो लाख से अधिक लोग जाम सीवरों को खोलने, मेनहोल में घुस कर जमा गाद व पत्थर हटाने के काम में लगे हैं। महीनों से बंद पड़े इन नरक कुंडों में कार्बन मोनो आक्साइड, हाईड्रोजन सल्फाइड, मीथेन जैसी दमघोटू गैसें होती हैं।

यह शर्मनाक पहलू यह है कि जानते हुए भी कि भीतर जानलेवा गैस और रसायन हैं, एक इंसान दूसरे इंसान को बगैर सुरक्षा-साधनों के भीतर ढकेल देता है। सीवरों में घरेलू निस्तार ही नहीं होता, उनमें कारखानों की गंदगी भी होती है। आज घर भी विभिन्न रसायनों के प्रयोग स्थल बन चुके हैं। इनसे निकसित पानी में ग्रीस, चिकनाई, क्लोराइड और सल्फेट, पारा, सीसा के यौगिक, अमोनिया गैस और न जाने क्या-क्या होता है। सीवरेज के पानी के संपर्क में आने पर सफाईकर्मी के शरीर पर छाले या घाव पड़ना आम है। नाइट्रेट और नाइट्राइड के कारण दमा और फेफड़े.के संक्रमण होने की प्रबल आशंका होती है। सीवर के भीतर का अधिक तापमान इन घातक प्रभावों को कई गुना बढ़ा देता है। बदबू , गंदगी और रोजगार की अनिश्चितता में



जीने वाले इन लोगों का शराब व अन्य नशों की गिरफ्त में आना लाजिमी है, जो गंभीर बीमारियों को खुला न्योता है।

वैसे कानून है कि सीवर सफाई करने वालों को गैस - टेस्टर (जहरीली गैस की जांच का उपकरण), गंदी हवा बाहर फेंकने के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा, कान ढंकने का कैप, हैलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। मुंबई हाई कोर्ट का निर्देश था कि सीवर की सफाई का काम ठेकेदारों के माध्यम से कतई नहीं करवाना चाहिए। काश! कानून इतनी कड़ाई से लागू हों कि मुआवजा देने की नौबत आए ही नहीं व सफाई कार्य से पहले ही जिम्मेदार एजेंसियां सुरक्षा उपकरण और कानून के प्रति संवेदनशील हों।

## वैशाली नगर में खुलेगा डिपार्टमेंटल स्टोर

# 'जना ब्राण्ड के ऑर्गेनिक उत्पाद और 'उपहार' ब्राण्ड के मसाले व मिलेट उत्पाद होंगे उपलब्ध

### एनसीसीएफ एवं कॉनफेड में हुआ एमओयू

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा/ जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) एवं भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) द्वारा ज्वाइंट वेंचर के अंतर्गत जयपुर के वैशाली नगर में डिपार्टमेंटल स्टोर शुरू किया जाएगा। इस संबंध में दोनों सहकारी संस्थाओं के मध्य गुरूवार को सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल की मौजूदगी में एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। प्रमुख शासन सचिव राजपाल के शासन सचिवालय स्थित कक्ष में हुए एमओयू पर एनसीसीएफ की ओर से स्टेड हैड मधु शर्मा ने तथा कॉनफेड की ओर से मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था एनसीसीएफ एवं राज्य स्तर की सहकारी संस्था कॉनफेड के मध्य यह महत्वपूर्ण एमओयू किया गया है, जिसका सीधा लाभ आमजन को होगा। स्टोर पर एनसीसीएफ के 'जना' ब्राण्ड एवं कॉनफेड के 'उपहार' ब्राण्ड के उत्पाद प्रमुख रूप से उपलब्ध करवाये जाएंगे। विशेष रूप से 'जना' ब्राण्ड के ऑर्गेनिक उत्पाद एवं 'उपहार' ब्राण्ड के सुप्रसिद्ध मसाले व मिलेट उत्पाद स्टोर पर उपलब्ध रहेंगे। आमजन को एक ही स्थान पर ये उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा तथा राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप सहकारी संस्थाओं-समितियों द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोले जाने पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था। इस अवसर पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) एवं कॉनफेड की प्रबंध निदेशक शिल्पी पांडे एवं कॉनफेड के महाप्रबंधक राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## यात्रियों को भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया

# बालटाल मार्ग से फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा, 3.93 लाख लोग कर चुके दर्शन



पिछले साल 5 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए थे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर घाटी में बालटाल मार्ग से गुरुवार को अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई लेकिन खराब मौसम के कारण इसे जम्मू से स्थगित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर में मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही असुरक्षित हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार सुबह से बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पहलगाम से यात्रा स्थगित

*जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि यात्रा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कश्मीर स्थित आधार शिविरों से तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि 31 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर से बालटाल और नुनवान स्थित आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तीर्थयात्रियों को शुक्रवार को पहलगाम और बालटाल के आधार शिविरों की अपनी आगे की यात्रा के लिए उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया है।*

### 1.44 लोग आधार शिविर से रवाना

तीन जुलाई को घाटी से 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी, जिसके बाद से 3.93 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में हिमलिंग के दर्शन कर चुके हैं। अब तक कुल 1,44,124 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। पिछले साल, 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री के दामाद समेत 5 आरोपी हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने 'ड्रग पार्टी' मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेजी डोरले के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जांचकर्ताओं को उनके फोन में कुछ आपत्तिजनक चैट और वीडियो मिले हैं।

### ओडिशा में हाथी के हमले में 3 लोगों की मौत



**ढेंकनाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक हाथी ने दो महिलाओं समेत कम से कम तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। यह घटना हिंडोल थाना क्षेत्र के बाघधरिया गांव में हिंडोल वन क्षेत्र के रसोल खंड में हुई। मृतकों की पहचान झूलना देहुरी (55), उसके देवर करुणाकर देहुरी (60) और एक अन्य ग्रामीण शशि साहू के रूप में हुई है। घटना के सिलसिले में वन रक्षक और वनपाल को कर्तव्य में लापरवाही के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर अमेरिका में ही घमासान

# टैरिफ पावर पर आज यूएस कोर्ट लेगी फैसला, हारे तो सुप्रीम कोर्ट जाना होगा

**12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने दी चुनौती**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों से कई देशों पर टैरिफ की घोषणा कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने वाले बयान पर कनाडा को व्यापारिक समझौते के नाम पर धमकी दी है। ट्रंप के मनमाने टैरिफ ऐलान पर अमेरिका में ही घमासान मचा हुआ है।

अब अमेरिका की अदालत इस बात पर फैसला लेगी कि क्या ट्रंप ने विदेशी सामानों पर आयात शुल्क लगाकर अपने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है या नहीं? अमेरिका के 12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने ट्रंप के टैरिफ पावर को अदालत में चुनौती दी है।

ट्रंप ने अप्रैल और फरवरी में चीन, कनाडा, मैक्सिको और कई अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा दिए थे। उनका तर्क था कि ये कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नौकरियों और ड्रग्स की तस्करी से निपटने के लिए जरूरी हैं। लेकिन अब ये फैसले कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं।

ट्रंप ने आईईईपीएम नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है

- ***संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास***
- ***आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही संभव***



### आज 11 जज शामिल होंगे

आज सुनवाई होने वाली है, उसमें अमेरिका की अपील अदालत के सभी 11 जज शामिल होंगे। इनमें से 8 को डेमोक्रेट और 3 को रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किया है। अगर फैसला ट्रंप के खिलाफ जाता है, तो माना जा रहा है कि यह मामला सीधा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच सकता है। आईईईपीएम के इस्तेमाल को लेकर ट्रंप पर 7 से ज्यादा कानूनी मुकदमे चल रहे हैं। हाल ही में वॉशिंगटन डीसी की एक अदालत ने भी ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया है। अब तक किसी भी अदालत ने यह नहीं माना कि राष्ट्रपति को बिना सीमा के टैरिफ लगाने का अधिकार है।

### आईईईपीएम कानून के दम पर टैरिफ लगा रहे ट्रंप

ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट (आईईईपीएम) नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है।

### निचली अदालत दे चुकी झटका


*इससे पहले मई में एक निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने टैरिफ लगाकर अपने अधिकारों की सीमा लांघी है। कोर्ट ने साफ कहा कि आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही किया जा सकता है, न कि पुराने व्यापार घाटे जैसे मामलों में।*

### अकेले फैसला लेने का हक नहीं

ट्रंप के इन फैसलों के खिलाफ अमेरिका के 12 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों और 5 छोटे व्यापार संगठनों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति को इस तरह से अकेले फैसला लेने का हक नहीं है। संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास है।

## यूएस और पाक के बीच ऑयल डील

# पाकिस्तान के तेल भंडारों को अब विकसित करेगा अमेरिका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर आज से लागू होने वाले 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ और रूस से जारी तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माने के ऐलान के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौता किया है। जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान की अपने विशाल तेल भंडारों को विकसित करने की योजना भी शामिल है। सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, हमने पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है। उन्होंने भारत पर तंज कसते हुए कहा कि क्या पता एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचने लग जाए?

### पाक के तेल भंडार का खुलासा नहीं

वहीं, अमेरिका-पाकिस्तान के इस समझौते में जमीनी स्तर पर यह तथ्य अभी भी गोपनीय ही बना हुआ है कि अमेरिका पाकिस्तान के कौन से तेल भंडार की बात कर रहा है? राष्ट्रपति ट्रंप या पाकिस्तान ने भी इस संबंध में कोई खुलासा नहीं किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने केवल इतना ही कहा कि दोनों देश अभी इस साझेदारी का नेतृत्व करने वाली तेल कंपनी का चुनाव कर रहे हैं। बता दें, पाकिस्तान अपने समुद्री तट के आसपास के क्षेत्र में काफी समय से तेल के बड़े भंडार होने का दावा करता रहा है। लेकिन उसके सामने मामले पर आगे बढ़ने में सबसे बड़ी चुनौती इससे जुड़ी पूरी प्रक्रिया में आने वाला अत्यधिक खर्च की है। जो अकेले उठा पाना पाकिस्तान के लिए असंभव है।

### पाक पीएम ने जताया आभार

*पाकिस्तान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें ये भी कहा कि बीते बुधवार रात वाशिंगटन में दोनों पक्षों द्वारा इस समझौते को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। यह समझौता दोनों देशों के सहयोग को बढ़ाएगा। जिससे आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार होगा।*

# नौसेना ने नया युद्धपोत 'हिमगिरी' लॉन्च किया



*मुंबई। भारतीय नौसेना ने हाल ही में प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित एक नया युद्धपोत, हिमगिरी लॉन्च किया है। यह जहाज स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसका मतलब है कि यह दुश्मन के रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आएगा। हिमगिरी को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा बनाया गया है और यह नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोतों का हिस्सा है। हिमगिरी को बनाने में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भारत की "मेक इन इंडिया" पहल का हिस्सा है। दुश्मन के रडार के लिए इस जहाज का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं।*

## यूएस के कैलिफ़ोर्निया में नौसेना विमान हादसा

# पांचवी पीढ़ी का एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अमेरिका के मध्य कैलिफोर्निया के नौसेना हवाई अड्डे (एनएएस) लेमूर के पास बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे अमेरिकी नौसेना का पांचवी पीढ़ी का एक एफ-35सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और कोई अन्य कर्मी प्रभावित नहीं हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू हो गई है। दुर्घटनाग्रस्त एफ-35सी विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफए-



125, जिसे 'रफ रेडर्स' के नाम से जाना जाता है, को सौंपा गया था। यह स्क्वाड्रन पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन है। एफ-35सी, लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष रूप से विमानवाहक पोतों के लिए डिजाइन किया गया है।


## पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

# दोनों नेताओं ने व्यापक 'रणनीतिक भागीदारी' को मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी वार्ता के दौरान आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में हुई सराहनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

### यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम को दी बधाई



मंत्रालय ने बताया कि यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को भारत के इतिहास में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले पीएम बनने पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा में निरंतर सफलता की कामना की। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का उनकी शुभकामनाओं और भारत के लोगों के प्रति स्नेह व्यक्त करने के लिए धन्यवाद दिया।

**संपन्न हुई रक्षा उद्योग भागीदारी** *दोनों नेताओं की बातचीत से इतर भारत-यूएई के बीच नई दिल्ली में 31 जुलाई को रक्षा उद्योग भागीदारी कार्यशाला हुई। जिसमें भारत की 90 से ज्यादा और यूएई की 8 कंपनियों ने भागीदारी की।*

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुश्किल में

# पूछताछ के लिए दूसरी बार जारी होगा 'डिटेंशन वारंट'

एजेंसी ▶▶ सियोल



दक्षिण कोरिया की एक स्पेशल काउंसिल टीम ने गुरुवार को बताया कि वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पूछताछ हेतु जबरन लाने के लिए इस हफ्ते 'डिटेंशन वारंट' जारी करेगी। स्पेशल काउंसिल मिन जोंग-की की टीम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह 9 बजे राजधानी के दक्षिण में उइवांग स्थित सोल हिरासत केंद्र में एक सहायक विशेष वकील, एक अभियोजक और जांचकर्ताओं को भेजने की योजना बना रही है। इससे पहले सोल सेंट्रल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यून पर दिसंबर में मार्शल लॉ थोपने की नाकाम कोशिश के आरोप हैं। वह फिलहाल हिरासत में हैं। यून ने इस हफ्ते पूछताछ के लिए भेजे गए दो समन की अवहेलना की, जिसके चलते अदालत को यह कदम उठाना पड़ा। मिन की टीम, यून और उनकी पत्नी किम कीओन ही पर लगे आरोपों की जांच कर रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश से राजपूताना राइफल्स के जवानों को राहत

# सेना बनाएगी बैली ब्रिज, पीडब्ल्यूडी को देना होंगे अग्रिम 25 लाख रुपए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपूताना राइफल्स के जवानों को गंदे नाले से गुजरने की रोजाना की मजबूरी से आखिरकार राहत मिलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पर बड़ा कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आदेश दिया है कि वह भारतीय सेना को 25 लाख रुपए अग्रिम राशि के रूप में दे, ताकि जवानों के लिए अस्थायी बैली ब्रिज बनाया जा सके। कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिस प्रथिबा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि भुगतान होते ही सेना 40 दिनों के भीतर ब्रिज का निर्माण पूरा करेगी। कोर्ट ने साफ कहा कि यह आदेश इसलिए जरूरी है क्योंकि जवानों को रोजाना परेड ग्राउंड तक पहुंचने के लिए गंदे और कीचड़ से भरे नाले से चार बार गुजरना पड़ता है, जो बेहद शर्मनाक स्थिति है।

### अगली सुनवाई में मांगी प्रगति रिपोर्ट

*18 जून को कोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया था कि नाले में जलभराव न हो और पानी की नियमित निकासी की जाए। अब कोर्ट ने साफ कहा है कि बैली ब्रिज बनने तक नाले की सफाई और रखरखाव जारी रहना चाहिए, ताकि जवानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में पीडब्ल्यूडी और सेना से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस फैसले को जवानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।*

### 10 महीने में बनेगा स्थायी फुट ओवर ब्रिज

राजपूताना राइफल्स को उनके बैरकों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में परेड ग्राउंड तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीनों के भीतर पूरा हो जाएगा। ऐसे में तब तक सेना खुद बैली ब्रिज बनाएगी, जिससे जवानों को तुरंत राहत मिले। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देश दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले जवानों को रोजाना गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ता है।

## बैंक 'धोखाधड़ी' मामला

# पहली बार अंडमान और निकोबार में ईडी की रेड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक पूर्व कांग्रेस सांसद से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज 'धोखाधड़ी' से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को पहली बार इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों और कोलकाता में दो जगहों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब एजेंसी ने बंगाल की खाड़ी में स्थित इस केंद्र शासित प्रदेश में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत छापेमारी की है। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) और उसके पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा से संबंधित है। कांग्रेस नेता शर्मा (57) इस केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व सांसद (2019-24) हैं। पुलिस ने मामले की जांच के सिलसिले में एक स्थानीय अस्पताल से 18 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार किया था।


# भारत में सोने की मांग 10 फीसद घटकर 134.9 टन पर

**मुंबई (भाषा)।**

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोने के दाम में रिकॉर्ड तेजी के कारण भारत में मूल्यवान धातु की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 134.9 टन रही। एक साल पहले इसी तिमाही में मांग 149.7 टन थी।

डब्ल्यूजीसी ने 'स्वर्ण मांग रुख, दूसरी तिमाही 2025' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा कि मूल्य के लिहाज से, इस साल दूसरी तिमाही में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 1,21,800 करोड़ रुपये हो गई। जबकि 2024 की इसी तिमाही में यह 93,850 करोड़ रुपये थी। कीमतें पहली बार 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गईं। सोने की बढती कीमतों ने देश में आभूषणों की मांग को प्रभावित किया। आलोच्य तिमाही के दौरान यह 17 प्रतिशत घटकर 88.8 टन रह गई, जबकि 2024 की इसी तिमाही में यह 106.5 टन थी।

हालांकि, मूल्य के अनुसार आभूषणों की मांग 20 प्रतिशत बढ़कर 80,150 करोड़ रुपये रही, जो 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में 66,810 करोड़ रुपये थी। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, 'जब हम 2025 की दूसरी तिमाही में भारत के स्वर्ण बाजार के प्रदर्शन पर गौर करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम उपभोक्ता व्यवहार में एक महत्वपूर्ण मोड़ देख रहे हैं।'



उन्होंने कहा, 'भौतिक सोने की मांग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 134.9 टन रहने के बावजूद, मूल्य के लिहाज से मांग 30 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ बढ़ी है।' जैन ने कहा कि यह सोने की बढ़ती कीमत को दर्शाता है। औसत तिमाही वैश्विक मूल्य प्रति औंस 3,280.4 डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं घरेलू मूल्य प्रति 10 ग्राम 90,306.8 रुपये पर रहा। यह दर्शाता है कि सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने की मांग बरकरार है।

उन्होंने कहा, 'जनवरी से जून तक कुल सोने की मांग लगभग 253 टन रही। इसके साथ हम पूरे वर्ष की मांग 600 टन से 700 टन के बीच रहने की उम्मीद कर रहे हैं। अगर कीमत के स्तर पर स्थिरता है, तो यह 700 टन के ऊपरी स्तर पर हो सकती है। हालांकि, यदि कीमतें नाटकीय रूप से बढ़ती रहीं, जिसकी संभावना बहुत ही कम है, तो मांग इस अनुमान से कम हो सकती है।' जैन ने निवेश के बारे में कहा, 'हम मात्रा के हिसाब से मांग सात प्रतिशत बढ़कर 46.1 टन तक पहुंचने और मूल्य के लिहाज से 54 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 41,650 करोड़ रुपये तक पहुंचने को देखकर उत्साहित हैं। ये आंकड़े उपभोक्ताओं के बीच दीर्घकालिक मूल्य भंडार के रूप में सोने के प्रति गहरी होती रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।'

आपूर्ति पक्ष पर उन्होंने कहा कि भारत में सोने का आयात 34 प्रतिशत घटकर 102.5 टन रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 150 टन था।

## इंडिया एक्सपो शॉप का पांचवां संस्करण 12 अगस्त से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

इंडियन एक्ज़ीबिशंस, कान्फ्रेंस एण्ड इवेंट्स सर्विसेज़ एसोसिएशन (आईईएसए) के इंडिया एक्सपो शॉप 2025 का आयोजन 12 व 13 अगस्त, 2025 को राजधानी के द्वारका स्थित यशोभूमि में किया जाएगा।

आईईएसए के प्रेसिडेंट जतिंदर कपूर ने कहा, 'भारत का एमआईसीई सेक्टर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले मुख्य कारक के रूप में उभरा है, जो हर साल 35,000 से अधिक कॉर्पोरेट इवेंट्स आयोजित करता है। 2024 में यह सेक्टर .49.4 बिलियन का था और एक अनुमान के मुताबिक 2030 तक यह दोगुना हो जाएगा। इंडिया एक्सपो शॉप भारत के 3,000 से अधिक सेवा प्रदाताओं की रचनात्मकता और उद्यमिता का प्रदर्शन करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मेकमायट्रिप का बुकिंग मंच

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने वैश्विक अनुभवों की दुनिया में कदम रखते हुए अपने नए 'टूअर्स एंड अट्रैक्शंस बुकिंग प्लेटफार्म' की शुरुआत की है। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए भारतीय यात्री अब 130 देशों के 1100 शहरों में 2 लाख से ज़्यादा एक्टिविटीज़ जैसे सिटी वॉक, कल्चरल टूर, थीम पार्क और एडवेंचर स्पोर्ट्स आसानी से सर्च और बुक कर सकेंगे। इस अवसर पर मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा, 'जब भारतीय विदेश यात्रा करते हैं, तो अनुभवों पर किया गया खर्च उनकी कुल यात्रा लागत का बड़ा हिस्सा होता है।

### एचयूएल का शुद्ध लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़कर 2,768 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 2,612 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एचयूएल ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से राजस्व 5.15 प्रतिशत बढकर 16,296 करोड़ रुपये हो गया।

### ब्रिगेड होटल गिरकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। दक्षिण भारत में होटलों के डेवलपर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से करीब 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 8.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर यह 9.88 प्रतिशत टूटकर 81.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,279.94 करोड़ रुपये रहा। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत सोमवार को 4.48 गुना अभिदान मिला था।

### इफको ने नए एमडी

नई दिल्ली। सहकारी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इफको ने के. जे. पटेल को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। पूर्व प्रमुख यू. एस. अवस्थी का कार्यकाल आज यानी बृहस्पतिवार को समाप्त हो रहा है। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने बयान में कहा कि पटेल को नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। पटेल अभी तक इफको में निदेशक (तकनीकी) थे। वह भारत के सबसे बड़े जटिल उर्वरक संयंत्र, इफको पारादीप संयंत्र का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है और उन्हें नाइट्रोजन एवं फॉस्फेट उर्वरक संयंत्रों के रखरखाव में 32 वर्ष से अधिक का समृद्ध अनुभव है।

### टीवीएस का प्राफिट बढ़ा

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत के उछाल के साथ 610 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने तिमाही के दौरान अपनी सबसे ऊंची बिक्री का आंकड़ा हासिल किया है, जिससे उसका मुनाफा भी बढ़ा है। कंपनी ने पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 461 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 12,250 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 10,355 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अप्रैल-जून की अवधि में उसने अपनी सबसे ऊंची तिमाही बिक्री दर्ज की है।

### शॉप्सी ने पूरे किए 4 साल

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्?सी ने 'भारत को किंग/क्वीन साइज जिंदगी' देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज़्यादा फायदा मिल सके। शॉप्सी के बिज़नेस हेड, कपिल थिरानी ने कहा, 'पिछले चार सालों में शॉप्सी देश भर के समझदार खरीदारों के लिए एक पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन गया है। हमारा लक्ष्य हमेशा अच्छी क्वॉलिटी के विविध प्रोडक्ट्स देना, खरीदारी को आसान बनाना और ग्राहकों को स्थानीय अनुभव देना रहा है, खासकर उन छोटे शहरों और कस्बों में जो भारत की असली ताकत हैं।

# तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है भारत

■ विश्लेषकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान को गलत बताया

**नई दिल्ली (भाषा)।**

विश्लेषकों ने कहा है कि भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताना 'सरासर अनुचित' है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का बयान कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता।



भारत विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बना हुआ है और दुनिया की कई प्रमुख कंपनियां विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए इस देश की ओर देख रही हैं। भारतीय प्रतिभाओं की विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्र में सबसे अधिक मांग है और यह अमेरिका सहित कई देशों को सेवाओं का एक प्रमुख निर्यातक रहा है। भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार पर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के एक दिन बाद, ट्रंप ने एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं।'

परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया ने भारत के खिलाफ ट्रंप की टिप्पणियों को 'काफी अनुचित' बताया और कहा कि वास्तव में, विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र धीरे-धीरे 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। ईवाई के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने कहा कि दूसरी ओर, पूर्व विकसित अर्थव्यवस्थाएं तेजी से उम्रदराज हो रही हैं और इन अर्थव्यवस्थाओं में प्रवासी भारतीयों के योगदान के कारण ही ये अर्थव्यवस्थाएं लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रही हैं।'

आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक मंडल ने फरवरी, 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था के अपने आकलन में 'अधिकारियों की सूझबूझ वाली वृहद आर्थिक नीतियों और सुधारों' की सराहना की थी। इन नीतियों ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और एक बार फिर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है।

## स्टारलिंक को उपग्रह इंटरनेट सेवा का लाइसेंस जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है और इसके साथ ही स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए एक नीतिगत ढांचे को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश में पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की गई।

सिंधिया ने कहा, 'स्टारलिंक को भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस दिया गया है। स्पेक्ट्रम आवंटन और गेटवे निर्माण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है ताकि सेवा शुरू करने में कोई बाधा न हो।'

गेटवे संरचना उपग्रह से डेटा को भारत में लाने और भारत के इंटरनेट ढांचे से जोड़ने के लिए जरूरी होगी। भारती समूह समर्थित यूटेलसैट वनवेब और जियो एसईएस को भी उपग्रह आधारित संचार सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार है। सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल यात्रा एक हद तक असाधारण रही है।

# भारतीय वस्तुओं पर ट्रंप के शुल्क से अमेरिका में महंगी होंगी आवश्यक दवाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय औषधि निर्यात संवर्धन परिषद (फार्मेक्सिल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अगस्त से भारत से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क और अनिर्दिष्ट जुर्माना लगाने से अमेरिका में आवश्यक दवाओं की लागत बढेगी, जिससे अंततः दीर्घावधि में उस देश के उपभोक्ताओं एवं स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को भी नुकसान होगा।



फार्मेक्सिल के चेयरमैन नमित जोशी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी बाजार सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है। उसको वैकल्पिक स्रोत खोजने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है जो भारत के व्यापक स्तर व गुणवत्ता से मेल खा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की बुधवार को घोषणा की। इसके अलावा ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया है। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जोशी ने कहा कि भारत लंबे समय से किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का आधार रहा है। विशेष रूप से जेनेरिक दवा बाजार में, जहां वह अमेरिका की करीब 47 प्रतिशत दवा आवश्यकताओं की आपूर्ति करता है।

ट्रंप के भारत पर 25 फीसद शुल्क लगाने का असर

# अमेरिका को परिधान का निर्यात पड़ सकता है धीमा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा से भारत से परिधान निर्यात प्रभावित हो सकता है। एईपीसी ने एक बयान में कहा कि दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि 25 प्रतिशत का शुल्क अनुमान से अधिक है, लेकिन उद्योग को तब तक अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए जब तक वियतनाम और बांग्लादेश के शुल्क को वर्तमान स्तर से नीचे संशोधित नहीं किया जाता। उन्होंने कहा, 'अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा होने तक परिधान निर्यात में मंदी रहने की उम्मीद है, जिसके अक्टूबर-दिसंबर 2025 में संपन्न होने की उम्मीद है। जुर्माना एक अस्पष्ट क्षेत्र है और उम्मीद है कि भारत सरकार एक अगस्त, 2025 से पहले अमेरिका के साथ इस पर बातचीत करेगी।'



अमेरिका भारतीय सिले-सिलाए परिधानों के निर्यात के लिए एक प्रमुख बाजार है। पिछले साल भारत के कुल परिधान निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत रही थी। अमेरिकी परिधान आयात बाजार में भारत की उपस्थिति बढ़ी है। भारत की हिस्सेदारी 2020 के 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 5.8 प्रतिशत हो गई है, और यह अमेरिका के शीर्ष सिले-सिलाए परिधान निर्यातकों में चौथे स्थान पर है।

अमेरिका का शीर्ष निर्यातक चीन बना हुआ है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 2024 में 21.9 प्रतिशत रही थी, जो 2020 में 27.4 प्रतिशत थी। चीन, वियतनाम और बांग्लादेश ने मिलकर 2024 में अमेरिकी परिधान आयात में 49 प्रतिशत की आपूर्ति की। भारत द्वारा अमेरिका को सर्वाधिक निर्यात किये जाने वाले शीर्ष तीन उत्पाद हैं सूती टी-शर्ट, महिलाओं या लड़कियों के सूती कपड़े, तथा शिशुओं के सूती वस्त्र।

## अमेरिकी शुल्क की चिंता में शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई। ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चे तेल तथा सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 86.70 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,768.35 अंक पर बंद हुआ।

# रुपया सर्वकालिक निम्न स्तर से उबरा

■ डालर के मुकाबले 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 पर आया

**मुंबई (भाषा)।**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूसी कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.66 पर खुला। दिन में इसने 87.74 प्रति डॉलर के निचले और 87.51 प्रति डॉलर के उच्च स्तर को छुआ। अंत में यह 87.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 की बढ़त है। रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर 87.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



■ व्यापारिक को लेकर तनाव बढ़ा तो 88 प्रति डालर पर पहुंचेगा रुपया

आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष हरसिमरन साहनी ने कहा, 'केंद्रीय बैंक अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए बाजार में भी हस्तक्षेप कर सकता है, लेकिन व्यापक दृष्टिकोण सतर्क बना हुआ है। रुपये पर दबाव जारी रहा तो व्यापारिक तनाव और बढ़ने पर यह 88 के स्तर को भी छू सकता है।' छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.84 पर आ गया।

# उच्च अमेरिकी शुल्क से भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और जुर्माना लगाए जाने से चालू वित्त वर्ष में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। हालांकि, बार्कलेज ने कहा है कि घरेलू मांग पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पर इस शुल्क वृद्धि का व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की थी कि एक अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने रूस से तेल एवं गैस खरीदने के दंडस्वरूप भारत पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की।



बार्कलेज के मुताबिक, यह शुल्क वृद्धि एक अगस्त से लागू होती है तो भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर औसतन प्रभावी शुल्क दर व्यापार-भारित संदर्भ में बढकर 20.6 प्रतिशत हो जाएगी। यह दर दो अप्रैल, 2025 से पहले की 2.7 प्रतिशत और उच्च शुल्क को 90 दिनों तक स्थगित रखे जाने की अवधि में लागू 11.6 प्रतिशत दर से कहीं अधिक है।

इसके विपरीत भारत में अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसत शुल्क दर 11.6 प्रतिशत है। बार्कलेज ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षाकृत बंद प्रकृति और घरेलू मांग पर निर्भरता इसे बड़े झटकों से बचाती है। हमारा मानना है कि 25 प्रतिशत शुल्क का प्रभाव सीमित रहेगा और जीडीपी वृद्धि पर संभावित प्रभाव 0.30 प्रतिशत तक रहेगा।'

इसी के साथ बार्कलेज ने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं के चलते अंतिम शुल्क दर आगे चलकर कम होकर 25 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वर्ष के बराबर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक ने क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है।

# भारत के प्रति अमेरिकी नीति 'दुर्भाग्यपूर्ण मोड़' पर : बसु

**नई दिल्ली (भाषा)।**

विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के प्रति अमेरिकी आर्थिक नीति ने 'दुर्भाग्यपूर्ण मोड़' ले लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के प्रति कठोर रुख हैरान करने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की बुधवार को घोषणा की। इसके अलावा ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया है। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

बसु ने कहा, 'भारत के प्रति अमेरिकी आर्थिक नीति ने दुर्भाग्यपूर्ण मोड़ ले लिया है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत के साथ बड़ा व्यापार घाटा होने का हवाला देते हुए भारतीय आयातों पर भारी शुल्क लगाने की घोषणा की है। बसु ने कहा, 'हालांकि भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन (270 अरब अमेरिकी डॉलर) या वियतनाम जैसे छोटे देशों (113 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ घाटे के आसपास भी नहीं है।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को अत्यधिक कर वसूलने वाला करार दिया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के प्रति जो रुख है वह हैरान करने वाला है : कौशिक बसु

बसु ने कहा, 'भारत के खिलाफ यह कठोर रुख चौंकाने वाला लगता है, हालांकि यह भारत के डोनाल्ड ट्रंप का निर्विवाद समर्थक बनने का ही परिणाम है।' उन्होंने कहा, 'अमेरिका अब भारत को पहले से कहीं कम आंक रहा है। भारत पहले अपनी स्वतंत्र आवाज के लिए जाना जाता था।' वर्तमान में कॉर्नेल विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बसु ने कहा कि अमेरिकी नीति का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य भारत के कृषि और दुग्ध क्षेत्र तक पहुंचना है।

उन्होंने कहा, 'अगर भारत अमेरिकी मांगों के आगे झुक जाता है और अमेरिका की मांगों के अनुरूप समझौता करता है तो इसका भारत के किसानों और कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।' बसु ने कहा कि हाल ही में अधिशेष श्रम में वृद्धि के कारण भारत का कृषि क्षेत्र पहले से ही संकटग्रस्त है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका और भारत दोनों ही इस स्थिति के प्रति संवेदनशीलता दिखाएंगे।

ट्रंप ने शुल्क की घोषणा करते हुए भारत के उच्च शुल्क, रूस से 'अधिकतर' सैन्य उपकरणों व ऊर्जा की खरीद साथ ही 'गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं ' को सूचीबद्ध किया।

## क्षमता विस्तार पर 7,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी सेल

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अपने संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में 7,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करने की योजना बना रही है। यह पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सेल विस्तार के दौर से गुजर रही है और लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में फैले अपने पांच एकीकृत संयंत्रों (आईएसपी) की संयुक्त दो करोड़ टन क्षमता को बढ़ाकर 2030 तक 3.5 करोड़ टन करने के लिए काम कर रही है।

# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### प्रो कबड्डी लीग: 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी


**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



**नई दिल्ली।** माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

## पांचवां टेस्ट : एटकिंसन और टंग ने दो-दो विकेट झटके

# नायर का अर्धशतक, भारत के छह विकेट पर 204 रन

### शुभमन ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

भाषा ▶▶| लंदन

भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा लेकिन गस एटकिंसन और जोश टंग की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां मेहमान टीम का पहली पारी में स्कोर छह विकेट पर 204 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। एटकिंसन (31 रन पर दो विकेट) और टंग (47 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों में नायर के अलावा उसका कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। बारिश के कारण पहले दिन 64 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारत के लिए पहले दो सत्र की तरह तीसरे सत्र में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक छोर पर टिककर खेल रहे साई सुदर्शन (38) टंग की शानदार आउटस्विंगर पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों लपके गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 101 रन हो गया। नायर ने टंग के अगले ओवर में दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने रविंद्र जडेजा (09) को स्मिथ के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। जडेजा ने चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर वाशिंगटन के साथ मिलकर भारत को हार से बचाया था। ध्रुव जुरेल 19 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में नजर आए। वह गस एटकिंसन की अंदर आती गेंद पर पगबाधा होने से बचे लेकिन अगली गेंद पर दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक को कैच दे बैठे। नायर ने जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौकों के साथ दबाव कम करने का प्रयास किया। नायर और वाशिंगटन ने इंग्लैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। नायर ने 62वें ओवर में जैकब बेथेल की गेंद पर दो रन के साथ 89 गेंद में अपने करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया और साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण लंच और चाय के बीच सिर्फ छह ओवर का खेल हो गया जिसमें भारत ने कप्तान शुभमन गिल (21) का विकेट गंवाकर 13 रन बनाए। लंच से पहले अचानक आई बारिश के कारण दूसरे सत्र का खेल स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू हुआ।



### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता हैः जुरेल

भारत के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## शतरंज

# प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।

दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। ' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

## नेपाल करेगा मेजबानी

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिड़ेंगी।

■ 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेगी

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।

दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेंडिंग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टोल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

# सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी। नए सिरे से तैयार किए गए 2025-26 सत्र में जयपुर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और नई दिल्ली शामिल हैं।



# भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता

भाषा ▶▶| एथेंस

भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) बृहस्पतिवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया।

■ रचना (43 किग्रा), अश्विनी विश्नोई ने (65 किग्रा) में खिताब जीता

■ मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूकी

उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया। भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि बृहस्पतिवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

## मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, हांगकांग के चियुक को हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया । इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे । अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा । आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।





### लक्ष्य ने किया कमाल

वहीं, लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 14-21, 21-17 से हराया। पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। महिला एकल में भारत की रक्षिता रामराज थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान से 14-21, 21-10, 21-10 से हार गईं।

### डबल्स में भारत को झटका

मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया की जोड़ी जिम्मी वोंग और लेई पेई जिंग से 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से हार गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)